हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 अगस्त 2025
[ नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 सड़क किनारे बाजार संचालित होने से लगता है...



09 स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग...



## खबर संक्षेप

### कॉलेज में प्रवेश के लिए आज अंतिम दिन

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम के शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग कोर्स के लिए सत्र 2025-26 की अंतिम संस्था-स्तरीय काउंसलिंग 13 के बाद 14 अगस्त को आयोजित की जाएगी। कॉलेज के सभी ट्रेंड्स में सीटें रिक्त हैं। इनमें सबसे अधिक मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट में 42 और सिविल इंजीनियरिंग में 35 सीटें खाली हैं। प्राचार्य डॉ. पीसी नरवरे ने बताया कि तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, इच्छुक छात्र-छात्राएं CLC राउंड के लिए रजिस्ट्रेशन कर 13 या 14 अगस्त को सुबह 10:30 बजे कॉलेज में उपस्थित हों। उन्हें अपने मूल दस्तावेज और उनकी छायाप्रतियां साथ लानी होंगी।

### नागरिक सुरक्षा सेवा पदक से सम्मानित होंगे

**नर्मदापुरम।** जिले के होमगार्ड सैनिक श्याम सिंह राजपूत को राष्ट्रपति गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में उन्हें यह सम्मान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के हाथों दिया जाएगा।

### कलेक्टर एसपी ने लिया तैयारियों का जायजा, निकाली गई तिरंगा रैली

# जिले में आन-बान-शान से लहराएगा तिरंगा, प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ध्वजारोहण करेंगे।

जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरी गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शुक्रवार 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के दौरान ध्वजारोहण करेंगे। जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा।

कलेक्टर सोनिया मीना एवं एसपी डॉ गुरकरन सिंह ने बुधवार को पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान ध्वजारोहण से लेकर परेड की सलामी तक तथा परेड निरीक्षण का पूर्वाभ्यास किया गया।



### कलेक्टर ने लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं मुख्यमंत्री संदेश के लाइव प्रसारण की व्यवस्था सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि गतिविधियों का जायजा लिया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, एसडीएम नीता कोरी, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेन्द्र रावत, एसडीओपी जीतेंद्र पाठक, सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### पूरा नगर हुआ देशभक्ति के रंग में सराबोर



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को समूचा नर्मदापुरम जिला साहस, शांति और समृद्धि के प्रतीक तिरंगे के रंगों में रंगा नजर आया। कलेक्टर सोनिया मीना के नेतृत्व में पुलिस परेड ग्राउंड से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सोजान सिंह रावत, एसडीएम नर्मदापुरम नीता कोरी, एसडीओपी जितेंद्र पाठक सहित पुलिस बल के सैकड़ों जवान एवं अधिकारीगण राष्ट्रध्वज हाथों में लेकर पूरे शहर में पैदल मार्च में शामिल हुए। इस अवसर पर पूरे शहर का माहौल देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा।

### राज्यपाल करेंगे पचमढ़ी में ध्वजारोहण

राज्यपाल मंगू भाई पटेल 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पचमढ़ी स्थित राज भवन में प्रातः 8:00 बजे ध्वजारोहण करेंगे। तत्संबंध में सभी तैयारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी एवं पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला ने राज्यपाल आगमन की सभी तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

## श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास की शोध संगोष्ठी "पुरुषार्थ" आयोजित

### अस्पताल प्रबंधन की शिकायत पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास की ओर से मंगलवार को नर्मदापुरम्-स्थित अग्रणी शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में शोध संगोष्ठी "पुरुषार्थ" का आयोजन किया गया। न्यास के प्रभारी अधिकारी अमित कुमार यादव ने बताया कि "पुरुषार्थ" न्यास की मासिक शोध संगोष्ठी श्रृंखला है, जिसका प्रथम आयोजन नर्मदापुरम् में किया गया। संगोष्ठी में रामायणकालीन अभियांत्रिकी विषय पर इंदौर के वरिष्ठ अभियंता और शोधार्थी श्रीनिवास कुटुम्बले एवं जीवन प्रबंधन में श्रीरामचंद्र विषय पर नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं शोधार्थी डॉ. आदित्य शुक्ल का उद्बोधन हुआ। संगोष्ठी में प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन और डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर मौजूद रहीं। इस अवसर पर श्री कुटुम्बले ने कहा कि मैंने जब वाल्मीकि रामायण का अध्ययन किया तो पाया, आज वैज्ञानिक अपने तकनीकी ज्ञान से जिन बातों का अध्ययन कर रहे हैं, उस अध्ययन से जिन निष्कर्षों पर पहुंचे हैं, वह तकनीकी ज्ञान तो युगों पूर्व ही हमारे ऋषि-मुनियों को था। हमारे समाज में रामायण धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से हर घर में पढ़ी जाती है



और हर व्यक्ति के रोम-रोम में यह विभूतियाँ बसी हुई हैं। उन्होंने कहा कि मेरे अध्ययन के दौरान 12 विषय ऐसे रहे जिनके पर सभी को ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

इनमें वाल्मीकि रामायण में इंजीनियरिंग, नगर नियोजन तथा भवन निर्माण, भूगर्भ शास्त्र, गंगा अवतरण, हाईवे का निर्माण, कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट-प्रीफैब निर्माण-इवेंट मैनेजमेंट और मनोरंजन, टेंट नगरी की स्थापना, एल-1 पॉइंट, ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम, सेतु बंधन, आर्टिफिशियल इमेजिंग जैसे विषयों का समावेश है।

## जन अभियान परिषद के द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जिले में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में विकासखंड केसला के सेक्टर 04 ग्राम सुखतवा में जन अभियान परिषद केसला एवं भगवान बिरसा मुंडा कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसके साथ ही मेरा तिरंगा मेरा अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. नीता राजपूत, स्टाफ से डॉ. हिमांशु चौरसिया, डॉ. मंजू मालवीय, कामधेनु पाटोदिया, डॉ. सौरभ तिवारी, डॉ. वेद प्रकाश भारद्वाज, डॉ. राधा आशीष पांडे, डॉ. धीरज गुप्ता, डॉ. प्रवीण कुशवाहा, संध्या उपाध्याय, सतीश कुमार पाली, आलोक पांडे, नीरज बिदुआ, राकेश, जन अभियान परिषद से ब्लॉक समन्वयक विवेक मालवीय, मेंटर प्रमोद पुरविया, निधि राजेश मालवीय तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## साथ देशभक्ति के जज्बे से भरे बच्चों ने धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा, विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन धूमधाम से किया गया देशके शहीदों एवं सीमाओं की रक्षा में- 30 डिग्री की कड़ी सर्दी और 50 डिग्री से ऊपर गर्मी को सहन करते हुए देशकी रक्षा कर रहे सैनिकों के सम्मान में तिरंगा यात्रा का आयोजन जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासियों मातृशक्ति एवं नगर में संचालित समस्त शासकीय एवं निजी विद्यालयों की बच्चे तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। स्थानीय साप्ताहिक बाजार से तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम वी जय घोष डीजे पर राष्ट्रभक्ति गीत स्कूलीबच्चों द्वारा वीर शहीदों, भारतमाता ,महारानी लक्ष्मीबाई की झांकियों से सजी तिरंगा यात्रा का उत्साह तेज बारिश भी काम नहीं कर सकी पीपलचौक से होते



हुए तिरंगा यत्रा का अनेक स्थानों पर ग्राम वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। विधायक विजयपाल भी तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए और बारिश में भीगते हुए भारतमाता का जय घोष कर रहे बच्चों का उत्साह देखकर उन्होंने भी भारत माता की जय वंदेमातरम के नारे लगाए । स्थानीय साप्ताहिक बाजार से रामलीला मैदान होकर तिरंगा यात्रा वापस ग्राम पंचायत पहुंची जहां तिरंगा यात्रा में शामिल बच्चों को स्वल्पाहार दिया गया।

## सेंट जोसेफ हायर सेकंडरी स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर की सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थान सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कूल में विकास्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमेंविद्यालयों के साथ सेंट जोसेफ हायर सेकेंडरी स्कुल संदीपनी विद्यालय ,आर एन ए विद्यालय मास्टरमाइंड ,के वी एन,प्राइम मोटिवेशन स्कूल गर्ल्स स्कूल ज्ञानदीप साहित्य अन्य सभी स्कूलों के ६०प्रतिभागियों बच्चोंने भागलिया अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए खेल मे 30 बच्चो का



चयन जिला स्तरीयखेल के लिए हुआ। इस दौरान खेल अधिकारी अरविंद शर्मा सूरज रघुवंश खेल समन्वयक प्रीतम सिंह पुरवइय सहित अन्य सभी स्कूलों के शिक्षक शिक्षिका छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। 15 अगस्त 2025को होने वाले राष्ट्रीयकार्यक्रम को लेकर विकासखंडशिक्षा अधिकारी एस एल रघुवंशी ने बताया कि 6 स्कुल के बच्चों ने भाग लिया।

## तिरंगा यात्रा में सहभागिता के लिए भाजपाई दे रहे नागरिकों को 'पीले चावल', यात्रा आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

'हर घर तिरंगा' अभियान अंतर्गत पूरे देश में जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिसके तहत आज सोहागपुर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाऐगा। जिसके लिये भाजपाई नागरिकों को 'पीले चावल' देकर आमंत्रित कर रहे हैं।

भाजपा सोहागपुर मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि इस संबंध में गत दिनों सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में नप सभागार में बैठक भी आयोजित की गई थी। सरोज के अनुसार सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह के नेतृत्व



में शहर में आज तिरंगा यात्रा निकाली जाऐगी। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाया जा रहा है।

अभिनव पालीवाल ने बताया कि शहर में तिरंगा यात्रा आज सुबह 10 बजे जवाहरलाल नेहरू स्मृति कॉलेज सोहागपुर के प्रांगण से प्रारंभ होगी। यहां से यह यात्रा पेट्रोल पंप चौराहा, सिविल कोर्ट चौराहा, श्रीराम चौक, कमानिया गेट, बिहारी चौक, शासकीय कन्या शाला एवं पुराना अस्पताल मार्ग से होते हुए रानी लक्ष्मीबाई मंच पहुंचेगी, जहां रैली का समापन किया जाएगा। रैली में भाजपा नेताओं व जनप्रतिनिधियों सहित आमजन, निजी व सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी, व्यापारी आदि सम्मिलित होंगे।

## मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच पचमढ़ी ने जीता



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी में ओजस क्लब द्वारा आयोजित मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पचमढ़ी और रीवा के मध्य खेला गया जिसमें पचमढ़ी ने रीवा को 3-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। मुकाबले में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए पचमढ़ी के खिलाड़ी सिद्धार्थ परतेती व हैप्पी तथा रीवा के शिव द्विवेदी, अभिषेक को ट्राफी व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य मनीष गुप्ता, शिक्षक आरएन श्रीवास, किसन उइके, कासिम भाई, धन्नजय रजक, ऋषभ जगत, हेमंत कहार ,वीरेंद्र कहार तथा खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## चाइना वर्ल्ड स्पोर्ट वॉलीबॉल टूर्नामेंट कोच मैनेजर को संयुक्त संचालक ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

15 वर्ष आयु समूह बालक बालिका आयु वर्ग की चैंपियन शिप मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग शालेय दल की चयन प्रक्रिया संभागीय मुख्यालय के शासकीय कन्या उमावि विद्यालय में आयोजित की गई। 12 एवं 13 अगस्त को ट्रायल मैच शेड्यूल अनुसार बुधवार को संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शारीरिक शिक्षा विभाग भोपाल से आलोक कुमार खरे ने उपस्थित सभी संभाग से आए हुए कोच मैनेजर, खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। एवं माह के अंतिम



सप्ताह में आयोजित कार्यक्रम महाराष्ट्र पूना से संबंधित प्रकिया के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण डॉक्टर मनीष कुमार वर्मा ने श्री खरे का पुष्पहार से स्वागत वंदन अभिनंदन किया।

संस्था की प्राचार्य अर्चना मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। कैंप की राष्ट्रीय स्तर की तकनीकी अधिकारी वॉलीबॉल कोच बख्तावर खान ने बताया है कि यह आयोजन इस खेल स्पर्धा के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगा। यहां से चयनित खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धा में खेलने का अवसर मिलेगा। कार्यालय के प्रभारी शारीरिक शिक्षा विभाग सहायक संचालक गजेन्द्र कुमार ने कहा है कि चयन प्रक्रिया में 8 बालक 8 बालिका एवं तीन तीन अतिरिक्त खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## पार्षद निर्मला हंसराय ने अपने निवास पर किया तिरंगा वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हर घर तिरंगा अभियान के तहत पार्षद निर्मला ने अपने निवास पर तिरंगा फहराया ओर वार्ड वासियों से अभियान मे सहभागी होने कि अपील की इस दौरान उन्होंने तिरंगा वितरण का आयोजन किया। निर्मला राय ने कहा की हमारा उद्देश्य हर घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति गर्व और एकता की भावना को और अधिक मजबूत करना है।उन्होंने घर घर तिरंगा लगाने का आग्रह किया एवं तिरंगे उपलब्ध कराए गए । इस अवसर हंस राय , आर.सी.वर्मा, राजकुमार पाल,महेश सेन,राजू व्यास, रजनी बामने,माया मिश्रा, मीना ठाकुर, प्रेमलता साहू, देविका, गीता चौरसिया, नीता डोंगरे, निकिता डोंगरेमंजू व्यास, गायत्रीमंत्र चंदेल, रत्ना सेंगर,मनोरमा बांडड़ी, प्रीति राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### संस्था गुरु नानक पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल का आयोजन

## वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलपी रेत कंपनी द्वारा विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान अर्जित करने दिए 2.50 लाख के कम्प्यूटर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलपी रेत कंपनी द्वारा शहर की सेवाभावी संस्था गुरु नानक पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल इटारसी मे स्कूल के बच्चों के लिए 10 कंप्युटर सिस्टम लगभग 2 लाख 50 हजार रुपए के कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से भेट किये गये। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ सीतासरन शर्मा विधायक नर्मदापुरम के द्वारा रिबन काटकर कंप्युटर लैब का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर स्कूल के विधार्थियों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत बैंड की धुन पर किया गया। सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन के उपरांत कंप्यूटर कक्ष का लोकार्पण



अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कंप्युटर आज के युग की आवश्यकता हो गई है इससे स्कूल के छात्रों के सपनों को नई उड़ान मिलेंगी। इसी क्रम मे एसडीएम टी. प्रतीक राव ने कहा कि इस प्रयास से छात्रों मे शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी ओर साथ ही विध्यार्थीयो को कोडिंग के क्षेत्र मे आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलेगी। स्कूल के संचालक राजेन्द्र सिंह सलूजा ने कहा हमारे स्कूल मे बहुत समय से कम्पुटरर्स की आवश्यकता थी जिससे आज के आधुनिक युग मे छात्रों को कम्पुटरर्स सीखने मे आसानी होगी। ओर इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह सलूजा द्वारा कंपनी का आभार व्यक्त किया। वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलपी कंपनी के प्रतिनिधि साकिब अहमद द्वारा यह बताया गया कि हमारी कंपनी हमेशा से सामाजिक कार्यों मे आगे होकर योगदान करते रहती है ओर कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि से लगभग 2.5 लाख कम्पुटरर्स रुपए के भेट किए गए है आगे भी सामाजिक कार्य हमारी कंपनी द्वारा किया जाता रहेगा।

इस शुभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं हरप्रीत सिंह छाबरा वेलोसिटी माइनिंग वर्क्स एलएलपी कंपनी के प्रतिनिधि साकिब एहमद उपस्थित रहे।

## राज्यसभा सांसद नारोलिया ने सदन में प्रस्तुत की रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

राज्यसभा में नर्मदांचल की सशक्त जनप्रतिनिधि, सांसद माया नारोलिया ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय से संबंधित स्थायी समिति की रिपोर्ट सदन में प्रस्तुत की। यह रिपोर्ट मंत्रालय की अनुदान मांगों पर आधारित पहले प्रतिवेदन पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का आकलन करती है। यह चौथा प्रतिवेदन अठारहवीं लोकसभा आवासन एवं शहरी विकास के क्षेत्र में मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदमों, योजनाओं की प्रगति तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन का विश्लेषण करता है। नीति निर्माण की दिशा में यह दस्तावेज एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेगा। नारोलिया की यह सक्रिय भागीदारी न केवल उनके क्षेत्र की आवाज को संसद में बुलंद करती है, बल्कि नीति-निर्माण प्रक्रिया में भी उनकी गहरी समझ और योगदान को दर्शाती है।

खबर संक्षेप

## धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**बैतूल।** साहू फूले आंबेडकर वरिष्ठ नागरिक जनजागृती समिति जिला बैतूल द्वारा स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। इस संबंध में समिति के एमएल पाटिल ने बताया कि 15 अगस्त, शुक्रवार को राष्ट्रीय ध्वज समिति के अध्यक्ष एएल चौकीकर के द्वारा जिला अस्पताल के सामने आंबेडकर चौक पर ध्वजारोहण प्रातः 8 बजे किया जाएगा। एमएल पाटिल और भाउराव उबनारे ने बताया कि इस अवसर पर वक्ताओं का संबोधन भी किया जाएगा। तुकाराम लोखंडे, मधु पाटिल, पीएल खातरकर, सिद्वार्थ चिचखेडे ने सभी से उपस्थित होने का अनुरोध किया।

## शाहपुर महाविद्यालय में आयोजित की तिरंगा रैली




**शाहपुर।** शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान एवं तिरंगा रैली जैसे विविध गतिविधियाँ आयोजित की गई। हर घर तिरंगा अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. सचिन कुमार नागले ने बताया कि महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीतू जायसवाल माहोरे की अध्यक्षता में 11 अगस्त 2025 से 15 अगस्त 2025 तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। सर्वप्रथम महाविद्यालय में तिरंगा रंगोली, तिरंगे पर व्याख्यान, पोस्टर निर्माण, तिरंगा राखी मेकिंग, तिरंगा बुनाई एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, इसी क्रम में महाविद्यालय में हर घर तिरंगा सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया, जिसमें अभी तक लगभग 170 से अधिक विद्यार्थियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर पंजीयन करा लिया है।

### चौक-चौराहों के विकास पर करोड़ों खर्च, साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित बनाने में रूचि नहीं

# सड़क किनारे बाजार संचालित होने से लगता है जाम, पार्किंग की है जरुरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नगरपालिका शहर के चौमुखी विकास के लिए चौक-चौराहों के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण और सडकों का निर्माण करवा रही है, लेकिन आमजनता से जुड़े साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित करने पर नगरपालिका का ध्यान नहीं है। हालात यह है कि शहर के तीनों मुख्य बाजार सडक किनारे संचालित हो रहे है और लोगों को यहां कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। खासकर ट्रॉफिक को लेकर वाहन चालकों के साथ-साथ आमजनता बेहद परेशान है, वहीं दुकानदारों को भी दुकान लगाने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं हो पा रही है। दरअसल विगत कई सालों से शहर के गंज, सदर और कोठीबाजार क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार सडक किनारे ही लग रहा हैं। ऐसा नहीं है कि साप्ताहिक बाजार के लिए जमीन नहीं हैं बल्कि जमीन होने के बाद भी नगरपालिका अभी तक साप्ताहिक बाजार के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं कर पाई है। नतीजतन सप्ताह में सातों दिन अलग-अलग क्षेत्रों में लगने वाले सब्जी बाजार सडक पर ही लगते हैं और इससे यातायात बाधित होता हैं। वहीं आम जन की मुश्किलें बढ़ जाती हैं।

### तीनों मुख्य बाजार सड़क किनारे संचालित

जिला मुख्यालय पर सप्ताह में सातों दिन अलग-अलग क्षेत्रों में सब्जी बाजार संचालित होते है। सदर और कोठीबाजार क्षेत्र में जहां सप्ताह के प्रति गुरूवार और रविवार बाजार भरता है, वहीं गंज क्षेत्र में शनिवार और बुधवार बाजार लगता है। इन तीनों बाजारों में सब्जी विक्रेता मुख्य सडक किनारे ही दुकान लगाते है। जिससे बार-बार ट्रॉफिक जाम होने के साथ-साथ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। खासकर सदर और कोठीबाजार क्षेत्र में सडकों की चौड़ाई कम होने से वाहन चालकों के लिए आवागमन काफी मुश्किल भरा बन जाता है। ऐसे में कोई बड़ा वाहन आ जाये तो लोग घंटो तक ट्रॉफिक जाम में फंसे रहते है और परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



### ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में आते हैं सब्जी विक्रेता

जिला मुख्यालय होने के कारण शहर के इन बाजारों में स्थानीय विक्रेताओं के अलावा आसपास क्षेत्र के ग्रामीण भी सब्जियां बेचने के लिए पहुंचते है। एक अनुमान के मुताबिक साप्ताहिक बाजार में करीब 1500 के आसपास सब्जी विक्रेता सब्जियां बेचते है। जिन्हें पर्याप्त जगह नहीं मिलने के कारण यह अपनी दुकानें सडक किनारे लगाते है। कई दुकानदारों की दुकाने तो सडक पर ही लगती है। जिससे सड? की चौड़ाई सिकुडकर एक तिहाई रह जाती है। जिस पर वाहनों के अलावा आमजनों का भी आवागमन रहता है। ऐसे में ट्रॉफिक पुलिस के लिए भी व्यवस्था बनाना मुश्किल हो जाता है और खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है।

### शहर के बाजारों के यह है हालात

सदर क्षेत्र में साप्ताहिक बाजार पीडब्ल्यूडी चौक से बाजार शुरू होता है तो गर्ल्स कॉलेज के अंदर से होते हुए पीछे का पूरा हिस्सा और सदर में बने काम्प्लेक्स तक लगता है। सभी गलियों में सब्जी विक्रेता बैठे नजर आते हैं। वहीं कोठीबाजार क्षेत्र में लल्ली चौक से थाना रोड तक और थाना रोड से कमानी गेट, कमानी गेट से दुर्गा मंदिर सहित आसपास की गलियों तक में सब्जी बाजार लगता है। गंज क्षेत्र में पहले सब्जी विक्रेताओं के लिए गुजरी लगती थी, लेकिन गुजरी बंद होने के बाद सब्जी विक्रेता सडक़ पर आ गए। अब स्थिति यह है कि गंज क्षेत्र की ऐसी कोई सडक नहीं बची हैं जहां सब्जी की दुकानें नहीं लगी रही हैं। यहां तक की गंज से सप्ताहिक बाजार फेलकर कॉलेज चौक तक पहुंच गया है। यहां भी सब्जी विक्रेताओं ने दुकानें खोल ली हैं। जिसके कारण आवागमन में परेशानी आती है।

### सबसे ज्यादा खलती है पार्किंग व्यवस्था

शहर के तीनों प्रमुख साप्ताहिक बाजार में पार्किंग का अभाव है, जो यहां व्यापारियों के साथ-साथ आमजनता को काफी खलती है। हालांकि कोठीबाजार में गांधी चौक के पास पार्किंग बनाने के लिए भूमिपूजन हो चुका है, लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। वहीं सदर और गंज क्षेत्र में लोग सडक किनारे ही अपने वाहन खड़े करते है या वाहनों में बैठकर ही खरीदी करने को मजबूर है। जिसके कारण यहां बार-बार जाम की स्थिति बनती है। खासकर कोठीबाजार में कमानी गेट पर तो गुरूवार-रविवार शाम के समय इतना लंबा जाम लग जाता है कि लोगों को जाम से निकलने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है।

### बातचीत की जाएगी

साप्ताहिक बाजारों को व्यवस्थित करने के लिए प्लानिंग बनाकर काम किया जाएगा। सब्जी विक्रेताओं से भी बातचीत की जाएगी। गंज क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं के लिए प्राथमिक स्कूल की जमीन पर जगह तैयार की जा रही है। ताकि लोगों के लिए परेशानी का सामना ना करना पड़े।

सतीश मटसेनिया,
सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### तेज बारिश भी न थाम सकी तिरंगे का जुनून बैतूल में उमड़ा देशभक्ति का सैलाब

# जोश-खरोश के साथ बैतूल में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**बैतूल।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को बैतूल में विशाल और भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा में देशभक्ति, उत्साह और उमंग का अद्भुत नजारा दिखाई दिया। राष्ट्रीय ध्वज के प्रति अभिमान और गौरव को प्रकट करते हुए बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, जनप्रतिनिधि, विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठन और नागरिक तिरंगा उठाए यात्रा में चले। तिरंगे के सम्मान में 10 हजार से अधिक लोगों ने यात्रा में भागीदारी की। भव्य तिरंगा यात्रा का शुभारंभ लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम से किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके, प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल, जनअभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नगर, विधायक महेंद्र सिंह चौहान, विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे, विधायक गंगाबाई उईके, पूर्व सांसद ज्योति धुर्वे, सुधाकर पवार, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, पार्षदगण तथा कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी सहित शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जनजातीय कार्य, स्वास्थ्य, नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा में पुलिस बैंड ने देशभक्ति की धुन प्रस्तुत करते हुए यात्रा की अगुवाई की। सभी जनप्रतिनिधि, स्कूली बच्चे और नागरिक उत्साह और उमंग के साथ ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए तिरंगा थामे यात्रा में आगे बढ़े। प्रमुख मार्गो पर सामाजिक और व्यापारी संगठनों द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में भारत माता की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बारिश की तेज बौछार भी बच्चों का उत्साह कम नहीं कर पाई। दोगुने उत्साह और उमंग के साथ तिरंगा यात्रा आगे बढ़ी। तिरंगा यात्रा स्टेडियम से प्रारंभ होकर शिवाजी चौक, दिलबहार चौक, मैकेनिक चौक, नेहरू पार्क, अंबेडकर चौक होते हुए कोठी बाजार पेट्रोल पंप के सामने से स्टेडियम पहुंची, जहां ऐतिहासिक यात्रा का समापन हुआ।

केंद्रीय मंत्री उइके ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों के प्रति सम्मान और भारत की एकता, अखंडता व गौरव का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश की प्रगति और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहें और तिरंगे की आन बान और शान को बनाएं रखें। विधायक खंडेलवाल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारे मन में देशभक्ति की भावना को और प्रबल करती है। उन्होंने कहा कि सभी को अपने कर्म, विचार और व्यवहार से राष्ट्र को गौरवान्वित करना है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों और बच्चों को बधाई देते हुए यात्रा को सफल बनाने में सबके योगदान की सराहना की। यात्रा के सफल आयोजन में पुलिस, शिक्षा, जनजातीय कार्य, महिला एवं बाल विकास, नपा और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और अमले ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### मेड इन थ्रीडी, सीड द फ्यूचर एंटर प्रेन्योर्स प्रोग्राम में आरडीपीएस का हुआ चयन

# आरडी के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

उत्कृष्ठ शैक्षणिक संस्थान आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल के विद्यार्थियों ने अटल सारथी इन्टर कलस्टर साइंस एक्जीबीसन में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर सफलता का परचम लहराया है। जीएस रायसोनी विश्वविद्यालय सांईखेडा में अटल इनोवेशन मिशन एवं डसाल्ट सिस्टमस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अटल सारथी इन्टर कलस्टर एक्जीबीशन में आर.डी.पब्लिक स्कूल बैतूल के विद्यार्थियों ने अपनी सृजनशीलता और तकनीकि प्रतिभा के दम पर अनेक पुरूस्कार प्राप्त किए है। आर.डी.पब्लिक स्कूल का चयन राष्ट्रीय स्तर के मेड इन थ्री डी सीड द फ्यूचर एंटरप्रेन्योर्स प्रोग्राम 2025-26 में हुआ है। अटल सारथी इन्टर कलस्टर साइंस एक्जीबीसन में आर.डी.पब्लिक स्कूल बैतूल के विद्यार्थियों द्वारा नवाचार मॉडल प्रस्तुत किए थे। विद्यार्थियों की सृजनशीलता ने निर्णायकों को भी चकित कर दिया। एक्जीबीसन में आरडीपीएस के विद्यार्थी धेर्यांश मोटवानी ने रोबिटिक्स में द्वितीय स्थान, अक्षांस जसूजा ने क्लीन इंडिया में द्वितीय स्थान तथा आशुतोष सिंह ठाकुर ने विकसित भारत में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उल्लेखनीय है कि आशुतोष सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम द्वारा विकसित किए गए पोर्टेबल पॉवर स्टेशन प्रोजेक्ट की विशेष रूप से सराहना की गई। यह प्रोजेक्ट दूरदराज और आपदा प्रभावित क्षेत्रों में ऊर्जा की जरूरतो को ध्यान में रखते हुए एक पोर्टेबल और पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रस्तुत करता है। इस प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर के इंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के तहत आरडीपीएस को डसाल्ट सिस्टम्स द्वारा आर्थिक सहायता की जाएगी। जिससे परियोजना को और बेहतर रूप दिया जा सके। साथ ही चयनित छात्रों को 8 माह का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को डिजाइन, थिंकिंग, प्रोडक्ट डव्हलपमेंट और इंटर प्रेन्योरशिप जैसे विषयों पर मार्गदर्शन मिलेगा।

### छात्रों की रचनात्मक सोच से मिली उपलब्धिः ऋतु

आरडी पब्लिक स्कूल बैतूल की डायरेक्टर ऋतु खण्डेलवाल ने उत्कृष्ट सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे लिए बडे गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बच्चों की लगन और रचनात्मक सोच ने राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर स्कूल का नाम देश भर में रौशन किया है। डायरेक्टर श्रीमती खण्डेलवावल ने कहा कि विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा अपनी सृजनशीलता से किए जा रहे नवाचार आरडीपीएस को विज्ञान के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्था के रूप में स्थापित कर रहे है।

# वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश की जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न



**बैतूल।** आभाश्री होटल सिविल लाइन बैतूल में वैश्य महासम्मेलन मप्र की जिला कार्यकारिणी की बैठक की आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी राजीव खंडेलवाल द्वारा की गई। जिले में अभी तक आजीवन सदस्यों की संख्या 800 है, जिसे कम से कम 1000 की संख्या करने का लक्ष्य को दिया गया है। निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन और 13 सितंबर को बारहलिंग में आजीवन वैश्य बंधु का टिफिन पार्टी का आयोजन किया जाना भी तय हुआ है। घर-घर तिरंगा फहराने के अभियान में भी वैश्य समाज भागीदारी करेगा। क्रिकेट प्रतियोगिता व गरबा उत्सव कार्यक्रम करने पर भी चर्चा की गई। जिन तहसीलों में समिति गठित नहीं हुई है, वहां समिति का गठन शीघ्र किये जाने का निर्देश दिया गया। 27 जुलाई को हुए आजीवन सदस्यों के सम्मेलन के सफल आयोजन पर सभी सदस्यों को बधाई दी गई। बैठक के अंत में शाहपुर तहसील के वरिष्ठ सदस्य अनिल जैन के चाचाजी स्व. मोतीलाल जैन, मुलताई नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अशोक शिवहरे की माताजी श्रीमति पार्वती बाई शिवहरे तथा बैतूल निवासी श्रीमति नूतन जैन की बहन श्रीमति सोमलता छाबडा के निधन पर बैठक के पश्चात 2 मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतृप परिवार को इस गहन दुःख को सहन करने शक्ति प्रदान करने की भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। .बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ सदस्य एवं संरक्षक बिरदीचंद पगारिया, राजेन्द्र जायसवाल, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य तपन मोनू खंडेलवाल, जिला प्रभारी आशीष अग्रवाल, जिला अध्यक्ष, अखिलेश गोठी जिला, उपाध्यक्ष राजेश जायसवाल, जिला महामंत्री हेमंत पगारिया, जिला कोषाध्यक्ष जयदीप सिंह रूनवाल, कमलेश मेहता, अध्यक्ष राजकमार आदि रहे मौजूद।


# भौंरा में तिरंगा बाइक यात्रा निकली, स्कूली बच्चों सहित सैकड़ों लोग हुए शामिल

**भौंरा।** हर घर तिरंगा अभियान और आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत राष्ट्रध्वज के सम्मान एवं देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से बुधवार को नगर में भव्य तिरंगा बाइक यात्रा का आयोजन हुआ। दोपहर 12 बजे खेड़ापति मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा रामलीला चौक और आजाद वार्ड से होते हुए ग्राम पंचायत परिसर में संपन्न हुई।

यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय युवाओं, स्कूली छात्र-छात्राओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सैकड़ों बाइक और स्कूली बच्चों की झांकियां तिरंगे के रंगों में सजी हुई, पूरे मार्ग पर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से माहौल गूंजता रहा। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक गंगा सज्जन सिंह भी विशेष रूप से शामिल हुईं। उन्होंने कहा तिरंगा हमारे देश की अस्मिता, स्वतंत्रता और बलिदान की पहचान है। इस यात्रा से युवा पीढ़ी में एकता और देशभक्ति का संदेश जाएगा।



यात्रा में भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल सिंह ठाकुर, मंडल प्रभारी अवेंजर हुसैन, यात्रा प्रभारी जय किशोर मिश्रा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। मंडल अध्यक्ष विशाल सिंह ठाकुर ने कहा तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल ध्वज यात्रा नहीं, बल्कि शहीदों के बलिदान को याद करते हुए समाज में राष्ट्र के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना जगाना है। हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम चाहते हैं कि तिरंगा केवल आयोजनों तक सीमित न रहे, बल्कि हर नागरिक के घर पर लहराए। यात्रा के समापन पर यात्रा प्रभारी जय किशोर मिश्रा ने सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, सहयोगी संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी ही ऐसे आयोजनों को सार्थक बनाती है। आयोजकों के अनुसार यह यात्रा राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा बनाए रखने, स्वतंत्रता दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए निकाली गई।



## कलेक्टर-एसपी ने स्वतंत्रता दिवस तैयारियों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी और पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने बुधवार को पुलिस ग्राउंड में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, मुख्यमंत्री के संदेश के लाइव प्रसारण, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रशस्ति पत्र वितरण

# दिल्ली पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में तिरंगा यात्रा




**सारणी।** बुधवार स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल बागडोना द्वारा भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक झांकी सहित वायु सेना, नौ सेना और थल सेना की प्रभावशाली प्रस्तुतियां देकर देशभक्ति का अद्वितीय प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आमला-सारणी विधायक योगेश पंडाग्रे रहे। वहीं, विशेष उपस्थिति में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, जिला महामंत्री एवं तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक कमलेश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक सोनटिया, चौकी प्रभारी वंशज श्रीवास्तव , बगडोना व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश नायर, तथा शोभापुर व्यापारी संघ अध्यक्ष रमेश हारोड़े, सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तिरंगा यात्रा के दौरान राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। विद्यार्थियों की झांकियों ने शौर्य, बलिदान और एकता का संदेश दिया। नगरवासियों ने भी इस यात्रा में शामिल होकर क्षेत्र और देश का मान बढ़ाया।

### ग्राम पंचायत चिखली खुर्द और चौथिया में निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा

# 'राष्ट्र प्रथम का बोध कराती है तिरंगा यात्रा'

**मुलताई।** नगर से लगी ग्राम पंचायत चिखली खुर्द एवं ग्राम पंचायत चौथिया में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकालकर तिरंगे के प्रति सम्मान का संदेश दिया।ग्राम पंचायत चिखली खुर्द में तिरंगा यात्रा ग्राम पंचायत सरपंच पुष्पा जीतू डहारे एवं सचिव चुन्नीलाल पवार के नेतृत्व में निकाली गई। प्राथमिक शाला हाई स्कूल से निकली तिरंगा यात्रा में विद्यार्थी, शिक्षक गण, आशा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं शामिल हुई। ग्राम सरपंच पुष्पा जीतू डहारे ने बताया कि रेली के माध्यम से संपूर्ण ग्राम में घूम कर प्रत्येक घर में तिरंगा लहराने और हर घर स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया गया और स्वतंत्रता दिवस को जन पर्व के रूप में घर-घर में तिरंगा लहरा कर मनाए जाने के लिए कहा गया। हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत ग्रामीणों ने भाग लिया। चौथिया में हाथ में राष्ट्रध्वज तिरंगा लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे भारत माता की जय कारों के साथ जब ग्राम की गलियों में निकले तो राष्ट्रभक्ति का एक अनोखा दृश्य दिखाई दिया। तिरंगा यात्रा के अवसर पर ग्राम में स्थित राजा भोज प्रतिमा के समक्ष भाजपा नेता नमन अग्रवाल का ग्रामीणों ने शाल श्रीफल भेटकर स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता नमन अग्रवाल ने कहा कि हाथ में तिरंगा और दिल में राष्ट्रप्रथम का संकल्प लिए हुए बच्चो को देखकर मै अत्यंत उत्साहित हु। तिरंगा यात्रा से हमारे अंदर राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत होती है और हमें राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का बोध होता है। तिरंगा यात्रा महापुरुषों, क्रांतिकारियों एवं वीर सैनिकों के प्रति हमारी कृतज्ञता का बोध कराती है।




ग्राम पंचायत चौथिया मे भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भाजपा नेता नमन अग्रवाल एवं उपसरपंच सतीश डोंगरदिए के नेतृत्व में निकाली गई इस शोभायात्रा में प्राथमिक शाला के बच्चे सरपंच सचिव एवं पंचों सहित बड़ी संख्या में

**खबर संक्षेप**

### स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विषय पर हुआ व्याख्यान

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास बुधवार को हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह अवसर पर प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा, डॉ आरके मराठा ,डॉ दीप्ति ढबले, डॉ रश्मि ठाकुर, डॉ संजय सिंह बरोनीया, डॉ संजय गाडगें, डॉ सीमा सोनी, डॉ लता धुपकरिया ने मंच साझा किया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना प्रो.खुशबू बैग ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ लता धुपकरिया ने अपने उद्बोधन में विस्तृत तरीके से तिरंगे के तीनों रंग ,अशोक चक्र महत्ता ,राष्ट्रीय सम्मान अधिनियम 1971 ,भारतीय ध्वज संहिता संशोधन अधिनियम 2002, 2022 की चर्चा की। आपने ऐतिहासिक व्याख्या करते हुए बताया कि हर घर तिरंगा अभियान की आवश्यकता क्यों है और इससे हम राष्ट्र प्रेम से कैसे जुड़ेंगे। स्वच्छता का महत्व समझाते हुए स्वच्छ भारत मिशन की व्याख्या की एवं स्वतंत्रता एवं स्वच्छता का आपस में क्या संबंध है पीपीटी के माध्यम से समझाया। आपने राष्ट्रीय गौरव एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य को विकसित भारत का आधार बताया। प्राचार्य डॉक्टर एसपी एस राणा ने अपने अध्यक्ष उद्बोधन में बताया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है एवं स्वास्थ्य का प्राथमिक आधार स्वच्छता है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हर घर तिरंगा का दिल से स्वागत करें और हमेशा अपने देश के लिए ईमानदारी और निष्ठा से समर्पित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनसीसी,युवा पर्यटन क्लब,इको क्लब व एनएसएस इकाइयों सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### नवीन भवन की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**देवास।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद द्वारा जिलाध्यक्ष आत्माराम परिहार के नेतृत्व में गिराये जा रहे एवं जर्जर स्कूल भवन की जगह नवीन भवन बनाये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि जिले में कई स्कूल भवन गिरने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई बच्चें तो पढ़ाई छोड़ देते हैं। क्योंकि सभी शासकीय स्कूलो में गरीब एवं अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के ही बच्चें पढ़ाई करते है जो कि प्रायवेट स्कूलो की भारी भरकम फीस जमा करने में असमर्थ रहते हैं और मजबूरी में पढ़ाई छोड़ देते है सरकार इस ओर कोई ध्या नही नहीं देती है यह सब प्रायवेट स्कूल वाले के दबाव में जानबूझकर कर शासकीय भवन शिक्षको की कमी करती हैं। संस्था अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद निवेदन करती है कि जर्जर भवनों की जगह नये भवन का निर्माण करे। सभी सुविधा बाउण्ड्री वॉल, शौचालय, खेल मैदान की व्यवस्था हो ग्रामीण क्षेत्रो में शासकीय भूमि खाली पड़ी हुई हैं। जिस पर निर्माण किया जा सकता है रख-रखाव और निर्माण लोक निर्माण विभाग व शिक्षा विभाग की टीम के द्वारा करवाया जाना चाहिये।

तिरंगामय हुआ जिला, कलेक्टर के नेतृत्व में निकाली जिला स्तरीय तिरंगा रैली

हर घर तिरंगा
हर घर स्वच्छता
अभियान

# स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत जिले भर में निकाली तिरंगा रैलियां





## निकाली गई तिरंगा रैली में दिखा देश भक्ति का जज्बा, जमकर लगाए नारे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/बागली/भौरासा

जिले में राज्य शासन के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। अभियान के तहत आज देवास में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के नेतृत्व में भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। रैली श्रीमंत तुकोजीराव पवार स्टेडियम देवास से प्रारंभ हुई जो कि शहर के भोपाल चौराहा, नाहर दरवाजा, बड़ा बाजार, सुपर मार्केट, सुभाष चौक, एमजी रोड होते हुए सयाजी द्वार पर संपन्न हुई। रैली में बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाएं एवं प्रबुद्धजन हाथों में तिरंगा लेकर जयघोष करते हुए निकल रहे थे। इस दौरान पूरा क्षेत्र तिरंगामय हो गया। इस दौरान राष्ट्रभक्ति की भावना राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान देखते ही बन रहा था। तिरंगा रैली में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, अपर कलेक्टर बिहारी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीरसिंह भदौरिया, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन सामाजिक संगठन, उद्योग संगठन, व्यापारी संगठन, स्कूल, कॉलेज, खेल, शासकीय अधिकारी-कर्मचारीगण एवं देवास शहर के नागरिकों ने सहभागिता की। तिरंगा यात्रा का शहर में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने सभी नागरिकों से अपील की कि हर घर तिरंगा अभियान में अपने घरों, कार्यालयों, और वाहनों पर तिरंगा फहराएं। यह आयोजन जिले में 13 से 15 अगस्त तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का हिस्सा है, जिसमें तिरंगा प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और ध्वजारोहण समारोह शामिल हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने निकाली तिरंगा रैली

**बागली।** राज्य शासन द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का व्यापक स्तर से क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बीएमओ डॉ. हेमन्त पटेल ने हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता ,स्वतंत्रता का उत्सव अभियान में तिरंगा रैली को हरी झंडी देकर बागली चिकित्सालय से रवाना किया जो शहर के प्रमुख मार्ग से होती हुई गांधी चौक पर पहुंची जहां डॉ.पटेल द्वारा भगत सिह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश सोलंकी, डॉ.पपीता सोलंकी, डॉ.अमित पुरोहित, डॉ. अंकित माहेश्वर , बीईई राधेश्याम चौहान, बीपीएम रतनसिंह जामले , बीसीएम यतिन्द्र बैरागी, बागली सेक्टर प्रभारी नन्द किशोर मोहवाल,' स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी,चिकित्सक,नर्सिंग स्टाफ, सभी सुपरवाईजर, सीएचओ, एएनएम , एमपीडब्लू 'एवं आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। तिरंगा रैली कार्यक्रम के दौरान डॉ.पटेल ने बताया की इस अभियान का मुख्य उद्देश्य देशवासियों को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिए प्रेरित करना, जनसामान्य में देशभक्ति की भावना जागृत करना तथा राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है। इसी क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन किया गया है। रैली में भाग लेने वाले सभी अधिकारियो, कर्मचारियो एवं कार्यकताओ के द्वार तिरंगें के साथ सेल्फी ली गई। रैली का समापन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के परिसर मे किया गया ।

### वन परिक्षेत्र ने किया तिरंगा यात्रा का आयोजन

**बागली।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर बुधवार को वन परिक्षेत्र बागली द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने के उद्देश्य से निकाली गई। तिरंगा यात्रा बागली फॉरेस्ट कैंपस से होकर बागली मुख्य बाजार शिवाजी चौराहा से नगर वन कैलाश नगर पर समाप्त हुई। यात्रा में वन परिक्षेत्र बागली के अधिकारी, कर्मचारी और पर्यावरण प्रेमी सहित लोगों ने भाग लिया। सभी लोग अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर देश भक्ति के नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी बागली ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने देश से प्रेम करना चाहिए और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण तथा पर्यावरण का महत्व भी बताया गया और उन्हें अपने घर और आसपास के क्षेत्रों में पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। वन परिक्षेत्र बागली के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस यात्रा ने स्थानीय समुदाय के बीच राष्ट्रवाद और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय काय किया। साथ ही सब रेंज कमलापुर में भी रेंजर सत्येंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान बागली वन परिक्षेत्र अधिकारी गजानंद बिरला, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, दिनेश मोदी, गोविंद सोलंकी, दिनेश बनेडिया, नेमीचंद विश्वकर्मा सहित समस्त वन स्टॉफ मौजूद रहा।

### करनावद में आयोजित हुई भव्य तिरंगा यात्रा

**चापडा।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर करनावद में संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय प्राथमिक विद्यालय करनावद द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत नगर में रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर परिषद द्वारा भी अभियान के अंतर्गत नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष परशराम पाटीदार, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, सीएमओ अशोक परमार ,प्राचार्य नारायण मंडलोई शिक्षक राजेंद्र शर्मा की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों एवं नगरवासी सम्मिलित हुए। रैली में भारत माता के जयकारों के साथ हाथों में तिरंगा थामे रैली में सम्मिलित हुए। तिरंगा रैली नगर परिषद से प्रारंभ की गई जो कि नगर भ्रमण करने के दौरान पुनः नगर परिषद पहुंची। जहां पर उक्त अभियान के बारे में जानकारी देते हुए यात्रा का समापन किया गया।

### सेना के वीरों के पराक्रम में निकाली यात्रा

**भौरासा।** नगर के श्री खेड़ापति गढ़ी हनुमान मंदिर से क्षेत्रीय सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में राष्ट्रभक्त अपनी बाइक पर तिरंगा लहराते हुए निकले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा के बाबा भंवरनाथ मंडल भौरासा द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर एवं जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव मुख्य रूप से उपस्थित हुए। तिरंगा यात्रा नगर के श्री गढ़ी हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई जो नगर के बस स्टैंड,एम. जी. मार्ग,बड़ा हनुमान चौक,आजाद चौक,छिपा पूरा,माली मोहल्ला होते हुए बाबा भंवरनाथ मंदिर प्रांगण पर पहुंची, जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा का नगरवासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।

इसी कड़ी में बस स्टैंड पर लोधी समाज, छोटे हनुमान चौक में प्रेस क्लब द्वारा, नगर परिषद कार्यालय पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्याय जय सिंह राणा, एवं पार्षद गणों द्वारा, बड़े हनुमान चौक में डॉ. रूप सिंह नागर सहित नगर भर मे स्वागत हुआ। वही मंदिर प्रांगण पर एक सभा के माध्यम से विधायक डॉ. सोनकर ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। सोनकर ने अपने उद्बोधन में भारतीय सेना के पराक्रम को बताया और जिस प्रकार भाजपा सरकार ने आतंकवाद को खदेड़ा है, आने वाले समय में बाकी जो बचा हुआ आतंकवाद हैं उसे भी भाजपा सरकार उखाड़ फेकेगी। आज भारत देश को किसी अन्य देशों के सामने अब गिड़गिड़ाना नहीं पड़ता हैं। ये आज का नया भारत हैं जिसकी तस्वीर आज भारत का बच्चा बच्चा देख रहा हैं । कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूलाल अटारिया एवं प्रमोद पालीवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन यात्रा संयोजक अश्विन जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई अटारिया,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत,जिला उपाध्यक्ष गौतम सिंह राजपूत,मनोहर सिंह पंवार, रजत पाल सिंह राजपूत, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दशरथ धाकड़, जिला कार्यलय मंत्री अनिल चावड़ा, सोनकच्छ मंडल महामंत्री संजय यादव, सरपंच सुमेर नागर, यशवंत सिंह राजपूत,नरेंद्र माली,रोहित जायसवाल,सचिन यादव आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी ने दी।

















नगर भ्रमण पर शाही सवारी के रूप में निकले श्री मनकामनेश्वर महादेव

# महादेव का मुखौटा रहा आकर्षण का केंद्र, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पुराना बस स्टैंड स्थित प्राचीन कालीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर की भव्य शाही सवारी भादो मास में मोदी परिवार के तत्वावधान में धूमधाम के साथ सोमवार को निकाली गई। आयोजक ममता कुलदीप मोदी ने बताया कि स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित मनकामनेश्वर मंदिर पर सर्वप्रथम श्री मनकामनेश्वर महादेव का 111 विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से महा अभिषेक किया। तत्पश्चात विशेष श्रृंगार व महाआरती के साथ शाही सवारी की शुरूआत मुख्य अतिथि विधायक गायत्री राजे पवार, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश बाथम उज्जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, ओम जोशी, भरत चौधरी, पार्षद दिव्या नितिन आहूजा, पूर्व देविप्रा अध्यक्ष राजेश यादव, पार्षद विकास सांगते, मनीष सेन, रामदयाल यादव, नवीन सोलंकी, गणेश पटेल, मण्डल अध्यक्ष सचिन जोशी, सुरेश सिलोदिया, नीतु जाधव, पं. प्रशांत शर्मा, विरेन्द्र मुंदडा, शिवा चौधरी, पं. दीपेश कानूनगो, जीतु रघुवंशी आदि ने की। तत्पश्चात भक्तों का हालचाल जानने के लिए श्री मनकामनेश्वर महादेव नगर भ्रमण पर निकले। शाही सवारी में पालकी में विराजित प्राचीन प्राण प्रतिष्ठित श्री मनकामनेश्वर महादेव का मुखोटा, रिद्धी-सिद्धी के दाता श्री गणेश की झांकी, भगवान भोलेनाथ की झांकी, अयोध्या में विराजित प्रभु श्रीराम की झांकी, बाबा खाटू श्याम का दरबार, प्राचीन श्री लक्ष्मीनारायण की मूर्ति, राज राजेश्वर भगवान परशुराम की मूर्ति, नृत्य करते हुए शिव-पार्वती, राधाकृष्ण



की झांकी, बच्चों की झांकी, घोड़े, ढोल, भजन मण्डली के साथ बालिकाओं व मातृशक्तियों द्वारा की गई तलवारबाजी आदि आकर्षण का केन्द्र रही। सवारी मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर कवि कालिदास मार्ग, नयापुरा, शालिनी रोड़, जनता बैंक चौराहा, सुभाष चौक, तहसील चौराहा, नगर निगम, एबी रोड़, पीठा रोड़, तीन बत्ती चौराहा होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई। सवारी का कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों ने स्वागत पुष्पवर्षा से किया। साथ ही जहां-जहां से सवारी गुजरी भक्तों ने घरों से निकलकर श्री मनकामनेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना व आरती कर दर्शन लाभ लिया। भगवान मनकामनेश्वर महादेव की महाआरती के साथ सवारी का समापन हुआ।



## खबर संक्षेप



### हरदा के प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के नमूने लिए

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा नर्मदापुरम से आई चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से बुधवार को जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर सैम्पल लिये गये। साथ ही खराब तेल को नष्ट कराने की कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला ने खिरकिया में वंदना रेस्टोरेंट से मोतीचूर लड्डू, पेड़े, मगज लड्डू व मिल्क केक, माँ जगदम्बा भोजनालय से हल्दी, मिर्च पाउडर व गरम मसाला, व्ही.आर. शॉप किराना से अरहर दाल, मूंग दाल, गुड़, मिर्च पाउडर व हल्दी पाउडर, विजयासन चाट से समोसा कचौड़ी, कृष्णा स्वीट से पोहा व पेड़ा, छीपाबड़ के घनघोर रेस्टोरेंट से जलेबी, मावा व बर्फी तथा राजस्थान मिष्ठान से मलाई बर्फी व काजू कतली के सैम्पल लिये। ये सभी सैम्पल मानक पाये गये। कांबले ने बताया कि निरीक्षण के दौरान छीपाबड़ के कृष्णा स्वीट, राजस्थान मिष्ठान और विजयासन चाट से खराब तेल को नष्ट कराया गया। सिराली में चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से नागरिकों को खाद्य पदार्थों में मिलावट के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से केमिस्ट हेमंत किर, वाहन चालक ब्रजेश पटेल और खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कांबले उपस्थित रहे।

### ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों को दी समझाइश

# किसान रबी सीजन के लिए अभी से उर्वरक का अग्रिम भंडारण नहीं करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को जिले के बैरागढ़, भिरंगी, खिरकिया, पोखरनी, चारूवा, मोरगढ़ी एवं बरखेड़ी का भ्रमण कर किसानों को समझाईश दी कि जिले में खरीफ सीजन के लिये पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है। किसान रबी सीजन के लिये अभी से उर्वरक का अग्रिम भण्डारण न कर खरीफ सीजन में आसानी से कृषकों को उर्वरक उपलब्ध कराने में सहयोग करें। रबी सीजन में उर्वरकों की कमी नहीं आने दी जाएगी। भ्रमण के दौरान उन्होने बैरागढ़ क्षेत्र में गुप्तेश्वर मंदिर के पास निर्माणाधीन पुल एवं भिरंगी में निर्माणाधीन ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सेतु निर्माण निगम के अधिकारियों को दोनों निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने भ्रमण के दौरान गांवों में स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के संचालन की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्राम पोखरनी में मिडिल स्कूल का निरीक्षण कर वहां स्मार्ट कक्षाओं का संचालन देखा। साथ ही स्कूल में खेल मैदान की मरम्मत करवाने एवं खेल सामग्री उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये। नवोदय विद्यालय चारूवा पहुँचकर कलेक्टर ने वहां शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों के लिये आवासीय सुविधा, कैरियर गाइडेन्स एवं स्मार्ट कक्षाओं के संचालन की स्थिति देखी। यहां हायर सेकण्ड्री स्कूल में गणित व अंग्रेजी के शिक्षकों की कमी की जानकारी मिलने पर नवोदय विद्यालय से सप्ताह में एक बार गणित एवं अंग्रेजी के शिक्षक उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

## रबी सीजन में उर्वरकों की कमी नहीं आने दी जाएगी



### कार्यक्रमों में भाग लिया

कलेक्टर ने अपने भ्रमण के दौरान खिरकिया व मोरगढ़ी में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही उन्होने अधिकारियों कर्मचारियों व विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुजल और सतत विकास की शपथ दिलाई। गुप्तेश्वर पुल निर्माण स्थल एवं मोरगढ़ी की प्राथमिक शाला में कलेक्टर द्वारा पौधरोपण भी किया गया। भ्रमण के दौरान एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण इवने सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी में शैक्षणिक व्यवस्थाएं देखी



ग्राम मोरगढ़ी में प्राथमिक माध्यमिक शाला एवं आंगनबाड़ी का निरीक्षण कर वहां शैक्षणिक व्यवस्थाएं देखी। स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं एवं विद्यार्थियों के होमवर्क की शिक्षकों द्वारा जांच की स्थिति का भी निरीक्षण किया। शिक्षकों को निर्देश दिये कि विद्यार्थियों का होमवर्क नियमित रूप से जांचा जाये। आंगनवाड़ी में पोषण आहार की उपलब्धता एवं गर्भवती माताओं के पंजीयन एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां आदिम जाति सेवा सहकारी समिति में पहुँचकर राशन वितरण एवं उर्वरक वितरण की जानकारी भी कलेक्टर द्वारा ली गई। राशन हितग्राहियों के ई-केवायसी की स्थिति की भी कलेक्टर ने जानकारी ली। सिराली में पीएम श्री स्कूल में स्मार्ट कक्षाओं एवं कम्प्यूटर लेब का अवलोकन किया गया। सिराली के आंगनवाड़ी का भी निरीक्षण किया गया। ग्राम बरखेड़ी में आंगनवाड़ी एवं पंचायत भवन निर्माण के लिये शासकीय जमीन से अतिक्रमण हटाने के निर्देश एसडीएम को दिये गये।

### हर घर तिरंगा अभियान

# भारत के मानचित्र पर मानव श्रृंखला बनाई



**हरदा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को स्थानीय नेहरू स्टेडियम में ब्लॉक समन्वयक सलमा खान के नेतृत्व में 2000 बालक बालिकाओं नें भारत के मानचित्र की आकृति में मानव श्रृंखला बनाई। इस अवसर पर पुलिस उप अधीक्षक महिला सेल अरुणा सिंह, रक्षित निरीक्षक रजनी गुर्जर एवं यातायात प्रभारी उमेश ठाकुर ने तिरंगे की शपथ दिलाई एवं सभी सहभागियों को हर-घर तिरंगा फहराने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने देश भक्ति से ओतप्रोत नारे लगाए तथा सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा गीत गया।इस अवसर पर खेल विभाग के लेखापाल मनीष शर्मा, मोनिका मेहता, कोच इमरान खान, प्रधान आरक्षक तुषार धनगर एवं विद्यालय के शिक्षक प्रबल पवार, प्रदीप जैन, मंगलेश कुल्हारे, ललित ओनकर, जागृति पाठक, जयश्री अहिरे, रजनी विलन्गे, मुकेश बिल्लौरे, गंगाराम कीर व अनुज दुबे ने उपस्थित रहकर आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

### महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने निकाली तिरंगा रैली

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा बुधवार को ह्यहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियानह्ण के तहत महाविद्यालय परिसर से महाराणा प्रताप चौराहा तक तिरंगा रैली का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। रैली में विद्यार्थियों ने जोशपूर्ण देशभक्ति नारे लगाए और स्वच्छता का संदेश दिया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने विद्यार्थियों से कहा कि सभी विद्यार्थियों को इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए एवं देशभक्ति व स्वच्छता का संदेश प्रसारित करना चाहिए। इस अवसर पर महाविद्यालय से प्रशासनिक अधिकारी व्ही.के. बिछोतिया, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार गौर एवं डॉ. आशा गायकवाड़, डॉ. राकेश सिंह परस्ते, श्री यशवंत अलावा, हरिहर लाभानिया, डॉ. सार्वेंद्र पटेल, धर्मेंद्र शाक्य, मनीष परसाई, शितिका बर्कले, बृजेश शाक्यवार सहित सभी स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### किलकारी एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम में कार्यशाला हुई

# मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: सेन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

किलकारी एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम के तहत बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय हरदा में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिये एएनसी पंजीकरण को बढ़ावा देना, शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर के प्रकरणों में कमी लाना तथा आशा कार्यकर्ताओं की क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करना है। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय प्रोग्राम अधिकारी, किलकारी एवं मोबाइल अकादमी मनोज कुमार सेन उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, डीसीएम सोनल जीसेन और डीपीएम दिनेश चौहान भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि मनोज कुमार सेन ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किलकारी और मोबाइल अकादमी जैसे नवाचार कार्यक्रम जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच और गुणवत्ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यशाला में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता एवं आशा सुपरवाइजर को किलकारी एवं मोबाइल अकादमी के संबंध में प्रशिक्षण देकर उनके ज्ञान एवं सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान किलकारी कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों तक समय पर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी पहुँचाने की रणनीतियों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया

## 7 यात्री वाहनों, 2 मैजिक पर चालानी कार्रवाई, एक वाहन जब्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

विशेष चेकिंग अभियान आयोजित कर वाहनो को चेक किया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान बकाया कर, बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक अंकित होने, बिना बीमा, बिना पीयूसी, बिना फिटनेस और बिना परमिट के संचालित यात्री बस, स्कूल बस, ऑटो रिक्शा एवं लोडिंग वाहन, डम्पर वाहनो की चेंकिग की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को 7 यात्री बस तथा 2 मेजिक पर चालानी कार्यवाही की गई तथा एक मेजिक को जप्त कर छीपाबड़ थाना में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। चेकिंग के दौरान मोटरयान अधिनियमों का उल्लंघन करने पर चालानी कार्यवाही कर 10 हजार रूपये शमन शुल्क वसूल किया गया। इस दौरान वाहन चालको को नियमों का पालन करते हुए वाहन संचालन की हिदायत दी गई।

नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ मनाई

# जिले के 21 हजार नागरिकों ने एक साथ ली नशा मुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालय के लगभग 18 हजार विद्यार्थियों ने शिक्षकों सहित तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र व नगर पालिका क्षेत्र सहित लगभग 21 हजार जनमानस ने एक साथ नशामुक्ति की शपथ ली। उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवी वर्षगांठ देश भर में बनाई गई। अभियान को जन मानस तक पहुंचाने के लिए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में अधिकारी कर्मचारियों को जिम्मेदारियां दी गई थी। विभागीय कर्मचारियों ने जिले से चयनित 11 मास्टर ट्रेनर, एवं 40 मास्टर वालंटियरों के साथ विभिन्न स्थानों एवं विभागों में संपर्क कर योजनाबद्ध तरीके से महाशपथ अभियान का आयोजन किया ताकि जिले में एक साथ अलग अलग स्थानों पर एक समय पर शपथ ली जा सके। परिणाम स्वरूप प्रदेश में फिर नशामुक्ति में जिले ने अपनी एक अलग छबि बना ली है। पूर्व में भी विभाग ने अभियान में ट्रांसजेंडर समुदाय को अभियान से जोड़कर प्रदेश में एक नवाचार किया है, एवं आगामी गतिविधियों के लिए भी योजनाएं बनाई गई हैं।

### प्रसूता का आरोप, अस्पताल से छुट्टी के बाद घर तक लाने एंबुलेंस कर्मचारी ने मांगे 500 रुपए

# गांव तक नहीं पहुंची एंबुलेंस तो साड़ी की झोली बनाकर प्रसूता को टांगकर दो किमी लाए अस्पताल

विकास की राह से कोसों दूर अरनिया पठार गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



आजादी के 79 साल बाद भी कुछ गांव विकास की मुख्यधारा से कटे हुए हैं। आष्टा ब्लॉक की ग्राम पंचायत गोविंदपुरा के अंतर्गत आने वाला अरनिया पठार ऐसा ही एक गांव है, जहां के लोगों को सडक़, बिजली और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी संघर्ष करना पड़ता है। हाल ही में एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर उसके परिजनों को साड़ी की झोली बनाकर उसे कंधे पर टांगकर डेढ़ से दो किलोमीटर दूर मुख्य सडक़ तक ले जाना पड़ा। अरनिया पठार निवासी सरिता पति केदार सिंह को सोमवार रात 2 बजे प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस को फोन किया, जो सुबह 4 बजे पीथापुरा रोड पर पहुंची। एंबुलेंस तक पहुंचने के लिए परिजनों को सरिता को साड़ी की झोली में उठाकर जंगल और खराब रास्तों से गुजरना पड़ा। एंबुलेंस से सरिता को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिद्धिगंज ले जाया गया, लेकिन वहां कोई डॉक्टर या नर्स मौजूद नहीं थी। मजबूरी में उसे आष्टा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया।

### मरीज को घर छोड़ने 108 एंबुलेंस कर्मचारी ने मांगे 500 रुपए

ग्रामीण केदार सिंह ने बताया कि महिला की अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने सरिता को घर छोडऩे के लिए 500 रुपये की मांग की। परिजनों ने बताया कि कर्मचारियों ने कहा कि लाने का पैसा नहीं लगता, लेकिन छोडऩे के पैसे लगते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सडक़ और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण पहले भी कई गर्भवती महिलाओं की समय पर इलाज न मिलने से मौत हो चुकी है। ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय विधायक और प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया है, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। हाल ही में घटित इस घटना ने एक बार फिर से पूरे सिस्टम के दावे और हकीकत की पोल खोलकर रख दी है। सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

# 300 से अधिक पंचायत सचिव और पंचायत कर्मचारियों ने छह किलोमीटर रैली निकालकर किया जागरुक



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग अभियान के तहत मंगलवार को जनपद पंचायत के तत्वाधान में तिरंगा रैली, स्वच्छता संवाद, शपथ और श्रमदान हुआ। इस मौके पर शहर के सीहोर जनपद कार्यालय परिसर में करीब 300 से अधिक पंचायत सचिव, जीआरएस और जनपद पंचायत कर्मचारियों ने एक साथ आस-पास के स्थानों पर स्वच्छता का कार्य किया और कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत सीईओ नमिता बघेल ने जारी अभियान के बारे में कहाकि बीमारियों से बचने के लिए स्वच्छता जरूरी है।

इस मौके पर पंचायत सचिव संगठन के ब्लाक अध्यक्ष घनश्याम मेवाड़ा ने बताया कि मंगलवार को सरकार के हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत में रैली का शुभारंभ किया गया। क्षेत्र के अनेक स्थानों पर करीब 300 से अधिक पंचायत सचिव, जीआरएस और कर्मचारियों ने रैली निकाली संदेश दिया। वहीं बुधवार को पौधा रोपण किया जाएगा। उन्होंने कहाकि बीमारियों से बचने के लिए सफाई रखना अति आवश्यक है। यह सभी के सहयोग से ही संभव है, क्योंकि गंदगी ही सभी बीमारियों का मूल कारण है। स्वच्छता हमारे जीवन को सुखमय बनाने के लिए जरूरी है। हर बीमारी से स्वच्छता ही हमें बचाती है। बीमारियों से बचाव के लिए अपने घरों व आसपास के क्षेत्र को साफ रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहाकि जनपद सीईओ नमिता बघेल ने इस मौके पर हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन कराए जाने की बात कही।